'डायल फ्यूचर'

चर्चा में क्यों?

27 जून, 2023 को राजस्थान के स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही भावी पीढ़ी के सुनहरे भविष्य की राह तैयार करने के लिये एक अनूठी पहल करते हुए 'डायल फ्यूचर'(भविष्य की राह) कार्यक्रम की शुरुआत की है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि डायल फ्यूचर और फ्यूचर स्टेप्स (भविष्य की राह) इनीशिएटिव के तहत राज्य के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों से एक-एक शिक्षक का पथ प्रदर्शक के रूप में चयन किया गया है जो स्कूल में दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों का संकाय चयन में मार्गदर्शन एवं करियर काउंसलिंग करेंगे।
- साथ ही, पूरे प्रदेश को 4 ज़ोन जयपुर ज़ोन (जयपुर एवं भरतपुर संभाग), कोटा ज़ोन (कोटा एवं उदयपुर संभाग), जोधपुर ज़ोन (जोधपुर एवं पाली संभाग), तथा बीकानेर ज़ोन (बीकानेर, चूरू एवं अजमेर संभाग) में बाँटकर 20 हेल्प डेस्क नंबर जारी किये गए हैं।
- इसके अलावा यूट्यूब पर करियर काउंसलिंग से संबंधित एक विस्तृत वीडियो तैयार कर जारी किया गया है।
- शिक्षा मंत्री डॉ. बी. डी. कल्ला ने बीकानेर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम के लोगो, ब्रोशर, बुकलेट और वीडियो का विमोचन किया।
- प्रदेश के उच्च माध्यमिक विद्यालयों के 15 हज़ार से अधिक पथ प्रदर्शक शिक्षक एवं विभाग के 500 से अधिक अधिकारी वीडियो कांफ्रेंस के जरिये कार्यक्रम से जुड़े।
- इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में 26 जून से प्रारंभ हुए नए शैक्षणिक सत्र के साथ ही ड्रॉप आउट बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिये स्कूल चलो अभियान (प्रवेशोत्सव) चलाया जा रहा है और अब 28 जून से 5 अप्रैल तक दसवीं पास करने वाले बच्चों का विषय चयन में मार्गदर्शन किया जाएगा।
- उन्होंने कहा कि पथ प्रदर्शक शिक्षक बच्चों को सही संकाय चयन के साथ दसवीं के बाद व्यवसायिक शिक्षा की भी जानकारी देंगें, जिससे वे कार्यशील जनसंख्या का हिस्सा बन सकेंगे।
- इस कार्यक्रम से विद्यार्थियों के कैरियर चयन की राह आसान होगी। विद्यार्थियों को कला, वाणिज्य एवं विज्ञान के अलावा ललित कला, संगीत, साहित्य, व्यवसायिक प्रशिक्षण, तकनीकी प्रशिक्षण की जानकारी भी दी जाएगी।
- 'डायल फ्यूचर'कार्यक्रम में संकाय चयन में मार्गदर्शन देने के साथ ही निकटतम विद्यालय की भी जानकारी दी जाएगी।
- इस कार्यक्रम के माध्यम से इसी सत्र में लगभग 9 लाख विद्यार्थियों के कॅरियर की राह को उज्ज्वल बनाने के लिये माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर, राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (आरएससीईआरटी), उदयपुर के साथ शिक्षा विभाग ने अपनी सक्रिय भूमिका निभाई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dial-future